उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 21 चैत्र, शक संवत्, 1927
**( दिनांक : 11 अप्रैल, 2005 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिये नत्थी **"क"**)।

2. अन्य प्रश्न (देखिये नत्थी **"ख"**)।

3. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल विधान सभा के वर्ष, 2005 के प्रथम सत्र में, उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-301 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश के निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

5. श्री प्रकाश पन्त, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत विकास खण्ड मूनाकोट के रा0उ0मा0 विद्यालय दोवांस के उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री नारायण दत्त एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पौड़ी गढ़वाल के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महादेव पट्टी के राजकीय इण्टर कालेज के उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री वीरेन्द्र सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद पौड़ी गढ़वाल द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड गदरपुर के जाफरपुर-गदरपुर मार्ग से लम्बा पाड़ा मार्ग तक पूर्व निर्मित एवं जीर्ण-जीर्ण मोटर मार्ग की मरम्मत/पुनः निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में" श्री विरिंचीपद राय एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

...2/...

8. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड गदरपुर में दिनेशपुर-मटकोट मार्ग से जयनगर नं0-3 गांव तक के मार्ग के पुनः निर्माण किये जाने के सम्बन्ध में" श्री देवप्रसाद विश्वास एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड डुण्डा की खुरमोली गाड पर ग्राम कल्याणी के अटनाली तोक पर पैदल पुल निर्माण के सम्बन्ध में" श्रीमती सत्येश्वरी चमोली एवं अन्य निवासीगण, जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा, "जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुनाली के उच्चीकरण करने के सम्बन्ध में" श्री विनोद रावत एवं अन्य निवासीगण, जनपद चमोली द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री बिशन सिंह चुफाल, सदस्य, विधान सभा, "जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड डीडीहाट के ग्राम-चुपड़ाखेत, चमाली, रानीखेत, हल्द्वानी एवं मालाझूला आदि गांवों में सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री मनोहर सिंह एवं अन्य निवासीगण, जनपद पिथौरागढ़ द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री प्रेमानन्द महाजन, सदस्य, विधान सभा, "जनपद ऊधमसिंह नगर के विकास खण्ड गदरपुर में दिनेशपुर-जाफरपुर मार्ग बाया धर्मनगर होते हुए खानपुर नं0-2 तक के मार्ग के पुनः निर्माण/मरम्मत के सम्बन्ध में" श्री निर्मल विश्वास एवं अन्य निवासीगण, जनपद ऊधमसिंह नगर द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

14. नियम 315 के खण्ड (14) व (15) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

15. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

16. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल लोक पुस्तकालय विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तरांचल लोक पुस्तकालय विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करेंगे।

18. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. मुख्यमंत्री, उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973) (अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश, 2001) (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2005 को पुरःस्थापित करेंगे।

20. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

21. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि दून विश्वविद्यालय विधेयक, 2005 पर विचार किया जाय (आधा घण्टा)।

| **प्रस्तावक का नाम** | **संशोधन का रूप** |
| --- | --- |
| **(क)** 1. श्री काशी सिंह ऐरी,<br>2. श्री प्रीतम सिंह पंवार,<br>3. श्री पुष्पेश त्रिपाठी,<br>4. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल, | "दून विश्वविद्यालय विधेयक, 2005 को इस सदन की एक प्रवर समिति के सुपुर्द कर दिया जाय जो अपना प्रतिवेदन एक माह के अन्दर सदन में प्रस्तुत करें।" |
| **(ख)** 1. श्री अजय भट्ट,<br>2. श्री प्रकाश पन्त,<br>3. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>4. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>5. श्री कैलाश शर्मा,<br>6. श्री मदन कौशिक,<br>7. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>8. श्री अनिल नौटियाल,<br>9. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>10.श्री मालचन्द। | ------तदैव------ |

(समिति के सदस्यों के नाम बाद में दिये जायेंगे)

22. मुख्यमंत्री, प्रस्ताव करेंगे कि दून विश्वविद्यालय विधेयक, 2005 पारित किया जाय।

23. वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

1- सहकारिता मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-18, सहकारिता विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 250035 हजार (पच्चीस करोड़ पैंतीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)**)

...4/...

2- पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-28, पशुपालन विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 494090 हजार (उनचास करोड़ चालीस लाख नब्बे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(घ)**)

3- उद्योग मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-23, उद्योग विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2452994 हजार (दो सौ पैंतालीस करोड़ उन्तीस लाख चौरानबे हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ङ)**)

4- उद्यान मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-29, औद्यानिक विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 429845 हजार (बयालीस करोड़ अठ्ठानवे लाख पैंतालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(च)**)

5- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-13, जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 4186971 हजार (चार सौ अठ्ठारह करोड़ उनहत्तर लाख इकहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(छ)**)

6- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-19, ग्राम्य विकास विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2613927 हजार (दो सौ इकसठ करोड़ उन्तालीस लाख सत्ताईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ज)**)

7- मुख्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-20, सिंचाई एवं बाढ़ विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 2866578 हजार (दो सौ छियासी करोड़ पैंसठ लाख अठहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(झ)**)

8- पर्यटन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2006 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26, पर्यटन विभाग के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए, तथा लेखानुदान द्वारा स्वीकृत धनराशि के अतिरिक्त **रूपये 439849 हजार (तैंतालीस करोड़ अठ्ठानवे लाख उनचास हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाय।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ञ)**)

24. नियम 51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

25. जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र धारी के अन्तर्गत निर्मित किये जा रहे नलकूपों के कमाण्ड ऐरिया को कम करने के सम्बन्ध में श्री हरीश चन्द्र दुर्गापाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 01 अप्रैल, 2005 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

26. जनपद चमोली के विकास खण्ड कर्णप्रयाग के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खड़गोली में अनुसूचित जाति बस्ती सयारपानी एवं मानपानी में व्याप्त पेयजल संकट के सम्बन्ध में श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 01 अप्रैल, 2005 को दी गई सूचना पर, मुख्यमंत्री का नियम-51 के अन्तर्गत वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**देहरादून :**
**दिनांक : 11 अप्रैल, 2005**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

द्वितीय सत्र, 2005
का तृतीय सोमवार

उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 21 चैत्र, शक संवत्, 1927
### ( दिनांक : 11 अप्रैल, 2005 )

## नत्थी ''क''

## अल्पसूचित प्रश्न

श्री हरबंस कपूर
18-03-2005

आवास

**1. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मसूरी देहरा विकास प्राधिकरण द्वारा प्रारम्भ की गई ग्रेटर दून, ट्रान्सपोर्ट नगर फेज प्रथम एवं द्वितीय योजनाओं को पूर्ण किये जाने की कोई समय सीमा निर्धारित की गयी है? यदि हाँ, तो क्या? क्या ये योजनाएं अपने निर्धारित समय सीमा में पूर्ण हो जायेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री प्रीतम सिंह पंवार
19-03-2005

पर्यावरण

**2. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल राज्य पर्यावरण की दृष्टि से अत्यधिक संवेदनशील हैं? क्या सरकार द्वारा राज्य के लिए कोई पर्यावरण नीति बनायी गयी है? यदि हाँ, तो क्या उसे उपलब्ध कराया जायेगा? क्या माननीय मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून शहर के लिए वायु प्रदूषण नियंत्रण के क्या मानक निर्धारित किए गये हैं? वर्तमान में शहर की वायु प्रदूषण स्थिति क्या है? यदि यह निर्धारित मानकों से अधिक है तो सरकार द्वारा क्या उपाय किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

# नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>02-03-2005 | ***1. गोपनीयता के आधार पर निरस्त** | |
| डा0 नारायण सिंह जन्तवाल<br>03-03-2005 | *2. क्या मुख्यमंत्री अवगत है कि जनपद नैनीताल के नैनीताल शहर में स्थित मालरोड़ ग्राण्ड होटल के समीप जमीन लगातार धँसने से नैनीताल शहर व प्रसिद्ध नैनीझील को खतरा उत्पन्न हो गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार वाड़िया इन्स्टीट्यूट और जियोलॉजी विभाग देहरादून द्वारा किये गये अध्ययन के आधार पर प्रो0 हुक्कू द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर नैनीझील की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कार्यवाही कर रही है? यदि हाँ, तो अभी तक क्या प्रगति हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | **आवास** |
| श्री नारायण पाल<br>04-03-2005 | *3. क्या मुख्यमंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रदेश में महिला आरक्षण समाप्त किया जा रहा है? यदि हाँ, तो क्यों? क्या वर्ष 2002 में आयोजित सिविल परीक्षाओं में सामान्य महिलाओं को 20 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया था? क्या वह आरक्षण लागू माना जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **कार्मिक** |
| श्री हरबंस कपूर<br>05-03-2005 | *4. क्या गृह मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चालू वर्ष 2004-05 में प्रदेश में हुए अपराधों का सांख्यिकी विवरण क्या है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगें कि गत वर्षो की तुलना में चालू वर्ष में प्रदेश में आपराधिक घटनाओं में बढ़ोत्तरी हुई है? यदि हाँ, तो इसकी रोकथाम के लिये शासन द्वारा कोई योजना बनाई जा रही है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **गृह** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>05-03-2005 | *5. क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध निर्माण के विस्थापितों के लिये राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार से पुनर्वास हेतु आर्थिक पैकेज की मांग की गई है? यदि हाँ, तो पैकेज को स्वीकृति प्राप्त हो गयी है? | **सिंचाई** |
| काजी निजामुद्दीन<br>07-03-2005 | *6. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 2004-05 में केन्द्र द्वारा राज्य सरकार को अरबी-फारसी मदरसों के लिए दो करोड़ रूपये का अनुदान दिया गया था? यदि हाँ, तो राज्य सरकार द्वारा इस अनुदान का प्रयोग किस प्रकार किया गया? | **समाज कल्याण** |

श्री प्रकाश पंत 09-03-2005 — ऊर्जा

*7. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में कितनी जल विद्युत परियोजनायें स्थापित हैं? क्या सरकार व्यापक जल विद्युत उत्पादन की सम्भावनाओं को देखते हुए कुछ अन्य परियोजनाओं की स्थापना पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कितनी योजनाओं के निर्माण हेतु सर्वेक्षण किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री मदन कौशिक 09-03-2005

*8. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**

डा0 एएपी0 मैखुरी 14-03-2005 — राजस्व

*9. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड जोशीमठ के अन्तर्गत घांघरिया की जमीन पर भ्यूंडार एवं घांघरिया ग्रामवासियों की जनता का पुस्तैनी कब्जा है? क्या उक्त गांवों की भूमि वन पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ती है? यदि हाँ, तो क्या सरकार स्थानीय ग्रामीणों के हितों को मध्यनजर रखते हुये उक्त जमीन का नियमितीकरण ग्रामीणों के नाम किये जाने पर विचार कर रही है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री प्रीतम सिंह पंवार 10-03-2005 — राजस्व

*10. क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में भूमि बन्दोबस्त प्रक्रिया कब तक प्रारम्भ कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री अनिल नौटियाल 10-03-2005 — ऊर्जा

*11. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि उत्तरांचल के ग्रामीण क्षेत्रों का विद्युतीकरण कराये जाने के लिये सरकार द्वारा कितने जनपदों का सर्वे किसके द्वारा कराया गया सर्वे पर कितनी धनराशि व्यय की गई? क्या सरकार द्वारा चयनित ग्रामों का विद्युतीकरण प्रारम्भ हो गया है? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट 21-03-2005 — ग्राम्य विकास

*12. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा योजना आयोग भारत सरकार से नये विकासखण्डों के सृजन हेतु कोई योजना प्रस्तावित की गयी है? यदि हाँ, तो क्या यह सत्य है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष की योजना में भी भारत सरकार ने नये विकासखण्डों के सृजन हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने पर असमर्थता व्यक्त की है? यदि हाँ, तो आर्थिक सहायता प्रदान न किये जाने के क्या कारण बताये गये?

# अतारांकित प्रश्न

श्री अनिल नौटियाल
10-03-2005

1. क्या दुग्ध विकास मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के अन्तर्गत सिमली में स्थित 'चमोली दुग्ध उत्पादक, सहकारी संघ लि0' के अधीन कितनी समितियां कार्य कर रही हैं? क्या यह सत्य है कि पूर्व में 1600 ली0 दूध समितियों के माध्यम से प्रतिदिन एकत्र होता था? क्या यह भी सत्य है कि दुग्ध उत्पादन में कमी आयी है? यदि हाँ, तो इसके क्या कारण है? क्या सरकार दुग्ध उत्पादन बढ़ाये जाने हेतु कोई कार्य योजना बनाये जाने पर विचार कर रही है?

दुग्ध विकास

श्री प्रीतम सिंह पंवार
10-03-2005

2. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी में 01 अप्रैल, 2004 से 31 जनवरी, 2005 तक कुल कितने जन श्री बीमा योजना दावे प्राप्त हुए और कितने दावों का निस्तारण कर भुगतान किया गया तथा कितने भुगतान की प्रत्याशा में लम्बित हैं? उक्त दावों को कब तक निस्तारण कर लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

समाज कल्याण

श्री किशोर उपाध्याय
10-03-2005

3. क्या मुख्यमंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि मुजफ्फरनगर में उत्तरांखण्ड राज्य आंदोलन के दौरान जनपद टिहरी के विकासखण्ड जाखणीधार के अन्तर्गत ग्राम कुम्धारधाट के लापता श्री आत्माराम सुपुत्र श्री खिलपति राम के परिजनों को सरकार द्वारा कोई आर्थिक सहायता उपलब्ध करवायी गयी है? यदि नहीं, तो क्यों?

गृह

श्री किशोर उपाध्याय
10-03-2005

4. **दिनांक 28-03-2005 को अतारांकित 27 द्वारा उत्तरित**

श्री प्रेमानन्द महाजन
10-03-2005

5. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश मे किसान सहकारिता समितियों मे सदस्य बनाने हेतु कोई मापदण्ड निर्धारित किया गया है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

सहकारिता

श्री प्रेमानन्द महाजन
10-03-2005

6. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा प्रदेश के कृषकों को सिंचाई हेतु मुफ्त विद्युत उपलब्ध कराने की कोई योजना विचाराधीन है? यदि नहीं, तो क्यों?

ऊर्जा

श्री अनिल नौटियाल
10-03-2005

7. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के अन्तर्गत गौचर में स्थित हवाई पट्टी की सी.एन.डीएस. श्रीनगर द्वारा निर्मित चाहरदीवारी के घटिया निर्माण कार्य व निर्माण के छः माह पश्चात् ही क्षतिग्रस्त होने संबंधी शिकयत शपथ-पत्र द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं काश्तकारों द्वारा की गयी थी? यदि हाँ, तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों?

नागरिक उड्डयन

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>11-03-2005 | **8.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 60 पन्तनगर-गदरपुर विधान सभा क्षेत्र में विभाग द्वारा कितने इण्डिया मार्का हैण्ड पम्प लगाये गये हैं एवं ग्राम पंचायतवार खराब हैण्ड पम्पों की संख्या क्या है? क्या इन खराब हैण्ड पम्पों को ठीक कराने हेतु विभाग द्वारा कोई योजना बनाई गई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>11-03-2005 | **9.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पृथक लेखा परीक्षा निदेशालय खोलने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन हैं? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या होगा? यदि नहीं, तो क्यों नहीं? | **वित्त** |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>11-03-2005 | **10.** क्या पशुपालन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत घिमतोली में पशु सेवा केन्द्र खोले जाने की कोई योजना शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त केन्द्र कब तक खोल दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **पशुपालन** |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>11-03-2005 | **11.** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत भणज में ग्वाड़, घिरपोंगा (मोली), डिडंया (जयकण्डी), कोटला (क्यूँजा), भिराली (क्यूँजा इत्यादी गांवों में विद्युतीकरण कराये जाने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त गांवों में कब तक विद्युतीकरण कर दिया जायेगा? | **ऊर्जा** |
| श्री पुष्पेश त्रिपाठी<br>11-03-2005 | **12.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वाराहाट एवं चौखुटिया जनपद अल्मोड़ा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री किशोर उपाध्याय<br>11-03-2005 | **13.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रू0 50000.00 (रू0 पचास हजार) से अधिक के बिजली बिलों के 28-02-2005 तक कितने बकायेदार है? इन बकायेदारों द्वारा विद्युत बिल जमा न किये जाने के क्या कारण हैं? क्या सरकार इन बिलों की उगाही किये जाने हेतु कार्यवाही कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |
| श्री हरबंस कपूर<br>11-03-2005 | **14.** क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि देहरादून महानगर क्षेत्र की मलिन बस्तियों शिवाजी मार्ग, बाल्मिकी बस्ती, भाटडा मौहल्ला, खुडबुड़ा, अमरूद वाला बाग-खुड़बुडा, छबील बाग, राजीव कालोनी, शान्ति विहार तथा जवाहर आदि कालोनियों में बिजली के तार मकानों की छतों के ऊपर से जा रहें हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इन तारों को स्थानान्तरित करने पर विचार करेंगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>11-03-2005 | **15.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के ग्राम पंचायत भरेणी में स्थित पेयजल योजना के पुर्नगठन की योजना बनाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>11-03-2005 | **16.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के अन्तर्गत 'बनाला पेयजल योजना' क्षतिगस्त हो चुकी है? यदि हा, तो क्या सरकार इसके पुर्नगठन पर विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>14-03-2005 | **17.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा के प्रथम सत्र, 2004 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित अतारांकित प्रश्न संख्या 32 के उत्तर के संदर्भ में वर्ष 2003-04 के आपदा राहत कोष के अवशेष अनुमन्य प्रस्तावों पर भारत सरकार के मानकों के आधार पर पुर्नविचार कर लिया गया है? यदि हा, तो क्या सरकार यह भी बताने का कष्ट करेगी कि वर्ष 2003-04 में जनपद चमोली की किन-किन योजनाओं हेतु आपदा राहत कोष से कितनी-कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है? | आपदा प्रबन्धन |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>07-03-2005 | 18. **विस्तीर्णता एवं अनेक विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त** | |
| श्री अजय भट्ट<br>07-03-2005 | **19.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री द्वारा उत्तरांखण्ड डिप्लोमा महासंघ की समस्याओं के निस्तारण हेतु फरवरी, 2002 में लोक निर्माण विभाग मंत्री की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था? यदि हाँ, तो समिति द्वारा संस्तुत सिफारिशों का क्रियान्वयन कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | सिंचाई |
| श्री प्रकाश पंत<br>17-03-2005 | **20.** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के लोकायुक्त द्वारा वर्ष 2005 के विधान सभा के प्रथम सत्र में सदन में प्रस्तुत प्रतिवेदन में कतिपय लोक सेवकों के विरूद्ध कार्यवाही की संस्तुति की थीं? यदि हाँ, तो संस्तुति के अनुरूप सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही का विवरण सदन के पटल में रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | सर्तकता |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17-03-2005 | **21.** क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय बड़कोट (उत्तरकाशी) द्वारा महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित 100 नाली भूमि 'बैरोला नामे तोक' की संयुक्त निरीक्षण समिति की आख्या एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र पंत्राक-20 दिनांक 16.08.99 द्वारा संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा हल्द्वानी को प्रेषित किया गया है? यदि हाँ, तो उक्त भूमि क्रय करने हेतु वित्तीय स्वीकृति कब तक प्रदान कर दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>17-03-2005 | **22.** क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव के ग्राम दुर्बिल के दुमाले व चमण नामे तोकों में जारी भूस्खलन से ग्रामीणों के आने-जाने का रास्ता एवं कई एकड़ जमीन भूस्खलन की चपेट में हैं? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस हेतु क्या उपाय किए जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>17-03-2005 | **23.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2004-05 में लघु सिंचाई विभाग चमोली को अनुरक्षण मद में राज्य मद एवम् केन्द्र मद से कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई है एवं उक्त धनराशि को विकास खण्ड वार किन-किन योजनाओं में व्यय किया गया? | **सिंचाई** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>17-03-2005 | **24.** क्या सिंचाई मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली को वर्ष 2004-05 के अन्तर्गत सिंचाई नहरों के लिए अनुरक्षण मद में कुल कितनी धनराशि प्राप्त हुई और इस धनराशि का व्यय किन-किन सिंचाई नहरों में किया गया? क्या उक्त सिंचाई नहरें सुचारू रूप से चल रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **सिंचाई** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>17-03-2005 | **25.** **विस्तीर्णता एवं अनेक विभागों से संबंधिक होने के आधार पर निरस्त** | |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>18-03-2005 | **26.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत जनपद चमोली के उडामाडा पाट्यू ग्चौपडा मोटर मार्ग पर सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है एवं डी.पी.आर. बनकर तैयार है? यदि हाँ, तो उक्त सड़क की स्वीकृति न होने के क्या कारण हैं? क्या मा0 मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्रों में 500 की आबादी तक को पी.एम.जी.एस.वाई. से जोडने के नये संशोधन के बाद उक्त मार्ग को प्राथमिकता दी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>18-03-2005 | **27.** क्या समाज कल्याण मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2005-06 के अन्तर्गत जनपद चमोली के विकास खण्ड पोखरी एवं घाट में अनुसूचित जाति की संख्या के मध्यनजर छात्रावास खोलने पर सरकार विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **समाज कल्याण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>18-03-2005 | **28.** क्या मुख्यमंत्री को जानकारी है कि जनपद पिथौरागढ़ के अस्कोट के बड़ीगांव में आदि गोल्ड माइनिंग प्रा0लि0 द्वारा अन्वेषण का कार्य किया जा रहा है? क्या कम्पनी द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण प्रबन्धन एवं भूस्खलन संबंधी कोई कार्य किये गये हैं? यदि हाँ, तो कितने हैक्टेयर भूमि में वृक्षारोपण एवं सुरक्षा दीवार का निर्माण किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **उद्योग** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>19-03-2005 | **29.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी की ग्रामसभा क्वीढ़ी के गंभीर पेयजल संकट को देखते हुये क्या सरकार इस क्षेत्र में पम्पिंग योजना की स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | **पेयजल** |
| श्री अजय भट्ट<br>21-03-2005 | **30.** क्या राजस्व मंत्री को जानकारी है कि नैनीताल जिले के हल्द्वानी तहसील के अन्तर्गत स्थित दमुआढुगां, जवाहर ज्योति ग्राम को राजस्व ग्राम बनाने की मांग लम्बें समय से उठायी जा रही है? यदि हाँ, तो इस दिशा में आज तक क्या कार्यवाही की गयी है? यदि नहीं, तो क्यों? कब तक इस ग्राम को राजस्व ग्राम घोषित कर दिया जायेगा? | **राजस्व** |
| श्री अजय भट्ट<br>21-03-2005 | **31.** क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि नैनीताल जिले की तहसील लालकुआं अन्तर्गत स्थित बिन्दुखत्ता क्षेत्र के गांवों को राजस्व ग्रामो में बदलने की मांग लम्बे समय से चली आ रही है? यदि हाँ, तो सरकार द्वारा इस दिशा में आज तक क्या कार्यवाही की गयी? यदि नहीं, तो क्यों तथा कब तक इस क्षेत्र को राजस्व क्षेत्र घोषित किया जायेगा? | **राजस्व** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>14-03-2005 | **32.** क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट में उरेडा द्वारा गुलाडी लघु जल विद्युत परियोजना तैयार की जा रही है? यदि हाँ, तो उक्त परियोजना से कुल कितने मैगावाट विद्युत उत्पादन होगा? क्या सरकार यह भी बतायेगी कि उक्त विद्युत परियोजना के संचालन व देखरेख व्यवस्था क्या होगी? | **ऊर्जा** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>14-03-2005 | **33.** क्या मुख्यमंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के पोखरी तहसील भवन हेतु कुल कितनी धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है? क्या उक्त तहसील का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>15-03-2005 | **34.** | क्या उच्च शिक्षा मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कुल कितने प्राईवेट बी0एड0 कालजों को सम्बद्धता प्रदान की गयी है? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन विद्यालयों से प्रतिवर्ष कुल कितने छात्रा-छात्रायें बी0एड0 की डिग्री धारक होगें? | **उच्च शिक्षा** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>15-03-2005 | **35.** | क्या उद्योग मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2003-04 एवं 2004-05 में उत्तरांचल के सीमान्त जनपदों 'चमोली, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़' में नई उद्योग नीति के अन्तर्गत कुल कितने उद्योग लगे हैं? यदि हाँ, तो उनमें कितनी धनराशि का निवेश किया गया? यदि नहीं, तो क्यों? | **उद्योग** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>15-03-2005 | **36.** | क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि उत्तरांचल में चकबन्दी अध्ययन हेतु बने भूमिसुधार परिषद वर्तमान में कार्यरत है? यदि हाँ, तो क्या सरकार परिषद द्वारा अब तक किये गये अध्ययन की रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेगी? | **राजस्व** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>05-03-2005 | **37.** | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट के ग्राम सभा माणखी के अन्तर्गत अनुसूचित बस्ती धरगेड तोक में पेयजल आपूर्ति हो रही है? यदि नहीं, तो उक्त सन्दर्भ में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>05-03-2005 | **38.** | क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत ग्राम बद्रीपुर, नवादा, रायपुर, नत्थनपुर, बालावाला, नकरौंदा, मियांवाला आदि ग्रामों में सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण की योजना है? यदि हाँ, तो कुल कितनी भूमि अधिग्रहीत किए जाने का विचार है तथा उसका विवरण क्या है? | **आवास** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>02-03-2005 | **39.** | क्या मुख्य मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत देवप्रयाग-व्यासघाट मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति कब प्राप्त हुई और इस मार्ग का निर्माण कब प्रारम्भ किया गया है तथा इस मार्ग निर्माण के निर्धारित लक्ष्य की अवधि क्या है? क्या यह सत्य है कि निर्धारित लक्ष्य के आधार पर अभी तक इस मार्ग का निर्माण पूर्ण नहीं करवाया जा सका है? यदि हाँ, तो इस मोटर मार्ग के निर्माण में हो रहे विलम्ब के कारण क्या है तथा इस विलम्ब के लिये उत्तरदाई के प्रति क्या कार्यवाही की जा रही है? उक्त मार्ग का निर्माण कब तक पूर्ण हो जायेगा? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>15-03-2005 | **40.** | क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में भूमिहीन परिवारों का सर्वेक्षण किया गया है? यदि हाँ, तो प्रदेश में कितने भूमिहीन परिवार निवास कर रहे हैं? क्या भूमिहीन परिवारों के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>15-03-2005 | **41.** क्या राजस्व मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में निवास कर रहे जनजाति बुक्सा व थारू समुदाय की भूमि की चकबन्दी करने हेतु कोई योजना शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>16-03-2005 | **42.** क्या सिंचाई मंत्री अवगत हैं कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के विरसण सेरा में सिंचाई गूल के माध्यम से कृषि भूमि सिंचित की जाती है? यदि हाँ, तो कुल कितनी भूमि गूल द्वारा सिंचित की जाती है? क्या मा0 मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विरसण सेरा में एक हाईड्रम योजना की स्वीकृति प्रदान की गयी है? यदि हाँ, तो उक्त हाईड्रम योजना द्वारा कितनी एवं कौन सी भूमि सिंचित की जायेगी? | **सिंचाई** |
| श्री बिशन सिंह चुँफाल<br>17-03-2005 | **43.** क्या बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आगनबाड़ी कार्यकर्त्री को सुपर वाईजर के पद पर पदोन्नति दिए जाने का प्रकरण विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस पर निर्णय हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | **बाल विकास** |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>18-03-2005 | **44.** क्या राजस्व मंत्री अवगत हैं कि जिला उधमसिंहनगर विकासखण्ड गदनपुर के ग्राम पंचायत कोपा कृपाली की बंजर भूमि पर 40-50 वर्षो से खेतिहर मजदूर खेती करते आ रहे हैं? यदि हाँ, तो क्या सरकार द्वारा उक्त क्षेत्र को राजस्व ग्राम का दर्जा दिया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | **राजस्व** |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>21-03-2004 | **45.** क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में 1000 तक की आबादी के कुल कितने गांव प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से वंचित है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन गांवों को कब तक मोटर मार्ग से जोड़ दिया जायेगा? | **ग्राम्य विकास** |
| श्री प्रकाश पंत<br>22-03-2005 | **46.** क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2004-05 में जिला सहकारी बैंको के निर्वाचन में कुछ बकायेदार समितियों ने चुनाव प्रक्रिया में प्रतिभाग किया है? यदि हाँ, तो क्यों तथा क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल में रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | **सहकारिता** |

# नत्थी (ग)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 18-सहकारिता विभाग
लेखा शीर्षक-(2425-सहकारिता, 4425-सहकारिता पर पूँजीगत परिव्यय, 6425-सहकारिता के लिए कर्ज)

**प्रस्तावक का नाम**

1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,
2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,
3. श्री हरबंस कपूर,
4. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,
5. श्री प्रकाश पन्त,
6. श्री अजय भट्ट,
7. श्री अनिल नौटियाल,
8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,
9. श्री मदन कौशिक,
10. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,
11. श्रीमती आशा नौटियाल,
12. श्री मालचन्द,
13. श्री हरभजन सिंह चीमा,
14. मो0 शहजाद,
15. श्री हरिदास,
16. श्री तसलीम अहमद,
17. श्री नारायण पाल,
18. श्री प्रेमानन्द महाजन।

**प्रस्ताव का प्रारूप**

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना।

# नत्थी (घ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 28-पशुपालन सम्बन्धी कार्य विभाग
लेखा शीर्षक-(2403-पशुपालन, 2404-डेरी विकास, 2405-मछली पालन, 4403-पशुपालन पर पूँजीगत परिव्यय, 4404-डेरी विकास पर पूँजीगत परिव्यय, 4405-मछली पालन पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>5. श्री प्रकाश पन्त,<br>6. श्री अजय भट्ट,<br>7. श्री अनिल नौटियाल,<br>8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>9. श्री मदन कौशिक,<br>10. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>11. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>12. श्री मालचन्द,<br>13. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>14. मो0 शहजाद,<br>15. श्री हरिदास,<br>16. श्री नारायण पाल,<br>17. श्री प्रेमानन्द महाजन। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

# नत्थी (ङ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 23-उद्योग विभाग
लेखा शीर्षक-(2058-लेखन सामग्री तथा मुद्रण, 2851-ग्रामोद्योग तथा लघुउद्योग, 2853-अलौह खनन तथा धातु कर्म उद्योग, 3425-अन्य वैज्ञानिक अनुसंधान, 4058-लेखन सामग्री तथा मुद्रण पर पूँजीगत परिव्यय, 4851-ग्राम तथा लघु उद्योगों पर पूँजीगत परिव्यय, 4859-दूरसंचार तथा इलैक्ट्रानिक उद्योगों पर पूँजीगत परिव्यय, 4885-उद्योगों तथा खनिजों पर अन्य पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>5. श्री प्रकाश पन्त,<br>6. श्री अजय भट्ट,<br>7. श्री अनिल नौटियाल,<br>8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>9. श्री मदन कौशिक,<br>10.श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>11.श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>12.श्रीमती आशा नौटियाल,<br>13.श्री मालचन्द,<br>14.श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>15.श्री काशी सिंह ऐरी,<br>16.श्री पुष्पेश त्रिपाठी,<br>17.डा0 नारायण सिंह जन्तवाल,<br>18.श्री प्रीतम सिंह पंवार,<br>19.मो0 शहजाद,<br>20.श्री हरिदास,<br>21.श्री नारायण पाल,<br>22.श्री प्रेमानन्द महाजन। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

# नत्थी (च)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 29-उद्यान विभाग
लेखा शीर्षक-(2401-फसल कृषि कर्म, 4401-फसल कृषि कर्म पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>3. श्री प्रकाश पन्त,<br>4. श्री अजय भट्ट,<br>5. श्री अनिल नौटियाल,<br>6. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>7. श्री मदन कौशिक,<br>8. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>9. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>10. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>11. श्री मालचन्द,<br>12. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>13. श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>14. श्री काशी सिंह ऐरी,<br>15. श्री पुष्पेश त्रिपाठी,<br>16. डा0 नारायण सिंह जन्तवाल,<br>17. श्री प्रीतम सिंह पंवार,<br>18. मो0 शहजाद,<br>19. श्री हरिदास,<br>20. श्री तसलीम अहमद,<br>21. श्री नारायण पाल। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

# नत्थी (छ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 13-जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास विभाग
लेखा शीर्षक-(2215-जल पूर्ति तथा सफाई, 2217-शहरी विकास, 6215-जलापूर्ति तथा सफाई के लिए कर्ज, 6217-शहरी विकास के लिए कर्ज)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>3. श्री हरबंस कपूर,<br>4. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>5. श्री प्रकाश पन्त,<br>6. श्री अजय भट्ट,<br>7. श्री अनिल नौटियाल,<br>8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>9. श्री मदन कौशिक,<br>10.श्री मालचन्द<br>11.श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>12.श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>13.श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>14.श्री काशी सिंह ऐरी,<br>15.श्री पुष्पेश त्रिपाठी,<br>16.डा0 नारायण सिंह जन्तवाल,<br>17.श्री प्रीतम सिंह पंवार,<br>18.श्री हरिदास,<br>19.मो0 शहजाद,<br>20.श्री तसलीम अहमद,<br>21.श्री नारायण पाल। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रुपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

## नत्थी (ञ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 26-पर्यटन विभाग
लेखा शीर्षक-(3452-पर्यटन, 5452-पर्यटन पर पूँजीगत परिव्यय)

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
|---|---|
| 1. श्री मदन कौशिक,<br>2. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>3. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट,<br>4. श्री अनिल नौटियाल,<br>5. श्रीमती आशा नौटियाल,<br>6. श्री मालचन्द,<br>7. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,<br>8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,<br>9. श्री प्रकाश पन्त,<br>10.श्री हरभजन सिंह चीमा,<br>11.श्री अजय भट्ट,<br>12.श्री भगत सिंह कोश्यारी,<br>13.श्री काशी सिंह ऐरी,<br>14.श्री पुष्पेश त्रिपाठी,<br>15.डा0 नारायण सिंह जन्तवाल,<br>16.श्री प्रीतम सिंह पंवार,<br>17.मो0 शहजाद,<br>18.श्री हरिदास,<br>19.श्री तसलीम अहमद,<br>20.श्री नारायण पाल,<br>21.श्री प्रेमानन्द महाजन। | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |

# नत्थी (झ)

## वित्तीय वर्ष 2005-2006 के आय-व्ययक की धनराशि में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्या : 20-सिंचाई तथा बाढ़ विभाग
लेखा शीर्षक-(2701-मुख्य तथा मध्य सिंचाई, 2702-लघु सिंचाई, 2705-कमान क्षेत्र विकास, 2711-बाढ़ नियंत्रण तथा जल निकास, 4701-मुख्य तथा मध्यम सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय, 4702-लघु सिंचाई पर पूँजीगत परिव्यय, 4711-बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय)

**प्रस्तावक का नाम**

1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,
2. श्री भगत सिंह कोश्यारी,
3. श्री हरबंस कपूर,
4. श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत,
5. श्री प्रकाश पन्त,
6. श्री अजय भट्ट,
7. श्री अनिल नौटियाल,
8. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,
9. श्री मदन कौशिक,
10. श्री बिशन सिंह चुफाल,
11. श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
12. श्रीमती आशा नौटियाल,
13. श्री मालचन्द,
14. श्री हरभजन सिंह चीमा,
15. श्री काशी सिंह ऐरी,
16. श्री पुष्पेश त्रिपाठी,
17. डा0 नारायण सिंह जंतवाल,
18. श्री प्रीतम सिंह पंवार।

**प्रस्ताव का प्रारूप**

सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना।